Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of AIIMS in Dharbhanga, Bihar.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) : मिथिला एवं उत्तर बिहार के केंद्र दरभंगा में 750 बेड वाले एम्स का निर्माण 1264 करोड़ रूपये की लागत से होना सुनिश्चित है, जिसके लिए 15 सितंबर, 2020 को केंद्रीय कैबिनेट द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, परंतु अभी तक इसका निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका है। बीते कुछ महीने पहले बिहार सरकार द्वारा कुछ जमीन एम्स को हस्तांतरित की गई है, शेष जमीन कब तक हस्तांतरित होगी? क्या इसके लिए बिहार सरकार द्वारा कोई समय सीमा निर्धारित की गई है और मंत्रालय स्तर से इस कार्य को जल्द पूरा करने हेतु क्या कोई पहल की जा रही है? इस एम्स के साथ अन्य राज्यों में घोषित एम्स का निर्माण पूर्ण हो चुका है, परंतु यहां अभी तक शिलान्यास नहीं हुआ है। क्या सरकार द्वारा इसके शिलान्यास और निर्माण कार्य को पूर्ण करने की समय सीमा निर्धारित की गई है?

महोदय, चूंकि प्रत्येक नए एम्स में एमबीबीएस की पढ़ाई एम्स निर्माण के साथ ही प्रारंभ की जाती रही है, ऐसे में क्या सरकार अगले शैक्षणिक सत्र से दरभंगा के एम्स में एमबीबीएस की पढ़ाई को प्रारंभ करने का कोई विचार रखती है? यह आम जनता के स्वास्थ्य एवं मूलभूत स्वास्थ्य सुविधा से जुड़ा हुआ मामला है। अतः इसका निर्माण तय समय-सीमा के भीतर किया जाना आवश्यक है, ताकि इसका लाभ करोड़ों मिथिलावासियों को मिल सके।